हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 11 अगस्त 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

मेगा पीटीएम में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा 4



## खबर संक्षेप

### ब्रम्हाशंकर बने मालवीय मिशन के अध्यक्ष

**अंबिकापुर।** पं. मदन मोहन मालवीय मिशन की बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रम्हा शंकर सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता के निवास पर शुक्रवार को मिशन की बैठक हुई। विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करने के उपरान्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन का सर्वसम्मत चुनाव कराने का सुझाव दिया। चर्चा उपरान्त सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने ब्रम्हा शंकर सिंह को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ब्रम्हा शंकर सिंह 1967 में पीजी कॉलेज छात्रसंघ के अध्यक्ष, 1970 में पीजी कॉलेज बिलासपुर के छात्र संघ अध्यक्ष रहे तथा 25 वर्षों तक सम्भागीय शिक्षा समिति एवं शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से लेकर उप प्रांताध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। शासकीय सेवा से अवकाश ग्रहण करने के उपरान्त वे जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है।

### खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में खनिज विभाग द्वारा खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा संभाग के सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बलरामपुर और जशपुर जिलों से आए खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक, एफएमएस, खनि रियायतधारी एवं स्टॉकहोल्डर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल के तकनीकी फीचर्स, उपयोग की प्रक्रिया, पारदर्शिता, इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और हितग्राहियों को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में खनिज ऑनलाइन 2.0 प्रोजेक्ट के प्रबंधक रूपरंजन ने बताया कि यह पोर्टल विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश में खान एवं खनिज संसाधनों के समग्र प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया गया है, जिससे हितग्राही सीधे लाभान्वित होंगे।

### आरक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा 14 को

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायीक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन हेतु संभावित परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी 5 अगस्त से 27 अगस्त 2025 तक व्यापम के पोर्टल में पंजीयन उपरांत सबमिट कर सकते हैं। लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे से संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### डाक सेवा बंद होने से पड़ रहा बुरा असर

**प्रतापपुर।** भारतीय डाक विभाग की बड़ी लापरवाही जहां डिजिटल करने के नाम से 1 से 4 अगस्त तक सभी सेवाओं को बंद किया गया था लेकिन अब 9 अगस्त हो गया है लेकिन अभी तक भारतीय डाक विभाग द्वारा सेवा प्रारंभ नहीं किया गया जिससे सैकड़ो लोग प्रभावित हो रहे हैं। रोज दूर राज से ग्रामीण सहित व्यापारी, विद्यार्थी विभिन्न कार्यों जिनमें मुख्य रूप से पत्र, पार्सल, मनीऑर्डर, स्पीड पोस्ट और विभिन्न बचत योजनाएं शामिल हैं।

## दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का लाभ पहुंचना सरकार का लक्ष्य: विष्णुदेव

# मुख्यमंत्री ने जिले में 3 नए ग्रामीण बैंक का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- ग्राम आरा, कुडेक़ेला और छिछली में खुला ग्रामीण बैंक
- तीनों ग्राम पंचायतों के लगभग 44 हजार लोगों को मिलेगा लाभ

जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के समग्र विकास के एजेंडा में स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के साथ-साथ बैंकिंग सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी है, ताकि ग्रामीण अंचलों के लोगों को वित्तीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैंप कार्यालय में जशपुर विकास खंड के ग्राम आरा, पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम कुडेक़ेला और दूरस्थ और पाठ क्षेत्र बगीचा विकास खंड के ग्राम छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की शाखा का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के 12 वें वार्षिक प्रतिवेदन का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम आरा, कुडेक़ेला और छिछली के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को वर्चुअली संबोधित करते हुए रक्षाबंधन की बधाई दी और कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज हमारे जशपुर जिले के तीन विकासखंडों में नागरिकों को 3 छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की सौगात मिल रही है। तीनों बैंक खुलने से इसका लाभ 23 ग्राम पंचायतों सहित उनके 48 आश्रित ग्रामों के लगभग 44 हजार ग्रामीणों को मिलेगा। अब क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, आम नागरिकों को बैंक से संबंधित कार्यों के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे समय और पैसे की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंकिंग सुविधाएं मिले इसके लिए बैंकों से संपर्क कर नई शाखा खोलने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि जिले में 268 पंचायतों में शुरू की गई अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को उनके ग्राम में ही सुलभ वित्तीय सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक इन सुविधा केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपए का लेनदेन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत दिवस को सभी पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छिछली के सरपंच अनिमा मिंज, आरा सरपंच मनोज भगत और कुडेक़ेला सरपंच शशिकांता पैंकरा ने उनके क्षेत्र में ग्रामीण बैंक खोले जाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब यहां पर सभी बैंकिंग सुविधाएं मिलेगी। ग्रामीणों को अब दूर जाना नहीं पड़ेगा।



ग्राम पंचायत आरा से वर्चुअली जुड़ी विधायक रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुल जाने से ग्रामीणों को बैंकिंग की सुविधा मिलेगी और उन्हें हितग्राहीमूलक और शासकीय योजनाओं का लाभ बैंक के माध्यम से आसानी से मिल सकेगा। ग्राम कुडेक़ेला से वर्चुअली जुड़ी विधायक गोमती साय ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर जिन्हें बैंकिंग की सुविधा नहीं मिल पा रही थी उसके लिए जनधन खाता खोले गए। इससे लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ने के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। 3 नए ग्रामीण बैंक खुलने से उस क्षेत्र का विकास होने के साथ ही बैंक से जुड़े शासकीय योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। ग्राम कुडेक़ेला से वर्चुअली जुड़े जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने भी अपने संबोधन में मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। 3 नए ग्रामीण बैंकों की शाखा खुलने से अब जिले में ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 30 हो गई है। इस अवसर पर कैंप कार्यालय में माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत सदस्य वेद प्रकाश भगत, उपेन्द्र यादव, सुनील गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोड़ा, एलडीएम वाल्टर भेंगरा और तीनों ग्राम पंचायतों में वर्चुअली तौर पर जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री का पुलिस लाइन हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रक्षित पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचे। इस अवसर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, विधायक गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप, पूर्व पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष कृष्णा कुमार राय, प्रबल प्रताप उपस्थित थे।

## रक्षाबन्धन का त्यौहार उत्साह से मनाया गया

**पत्थलगांव।** पूरे क्षेत्र में भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पारंपरिक त्यौहार रक्षाबन्धन खूब धूमधाम से मनाया गया बीते एक हफ़्तों से राखी का बाजार पूरी तरह से सजा रहा मिठाई की दुकानो में खूब भीड़ देखी गई भारतीय धर्म-संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।



यह त्योहार भाई-बहन को गहन स्नेह की डोर में बाँधता है। इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर टीका लगाकर आरती की थाल सजा कर दिया जलाकर आरती कर रक्षासूत्र या राखी का बन्धन बाँधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह हिन्दू त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन ही मनाया जाता है। श्रावण मास में मनाये जाने के कारण इसका महत्व और बढ़ जाता है। 9 तारीख रक्षाबन्धन के दिन ही श्रावण मास का अंतिम दिन भी होता है। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत से लेकर एक से एक रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी महँगी राखी भाई के कलाई पे बहन बांधती है। सभी बहने रक्षाबन्धन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की सुख शांति और उन्नति के लिए प्रार्थना करती हैं। सामान्यत बहनें ही भाइयों को राखी बाँधती हैं, परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी बड़ी सभी लड़किया आपस मे राखी बांधती है। काफी दूर में रह कर पढाई करने वाले या नोकरी करने वाले दोस्त आपस मे एक दूसरे को राखी बांध कर भाई बहन का फर्ज बखूबी निभाते है। सम्मानित सम्बन्धियों जैसे पुत्री द्वारा पिता को भी बाँधी जाती है। आपको बता दे सार्वजनिक रूप से ⏭ शेष पेज 4 पर

## पहाड़ी कोरवा बहनों के साथ प्रबल ने मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भाजपा के प्रदेश मंत्री और 'घर वापसी' अभियान के अखिल भारतीय प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने आज बेंजौरा गांव में रहने वाली पहाड़ी कोरवा बहनों के साथ राखी का त्योहार मनाया। इस अवसर पर कोरवा समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से जूदेव को राखी बांधी और अपनी खुशी जाहिर की। जूदेव ने भी बहनों को साड़ी भेंट की।



**एक भाई के तौर पर हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा:** इस मौके पर जूदेव ने कहा, आज मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपनी इन बहनों के बीच पहुंच सका। आप सभी मेरी सगी बहनों की तरह हैं और मैं वादा करता हूँ कि एक भाई के तौर पर मैं हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा रहूंगा। यह आयोजन प्रबल प्रताप सिंह और स्थानीय आदिवासी समुदाय के बीच आत्मीय संबंधों और आपसी सम्मान को दर्शाता है।

## अपर मुख्य सचिव का जशपुर प्रवास सिटी कोतवाली का किया निरीक्षण

### डिजिटल कार्यों, नवीन कानून और पुलिस ऐप्स की स्थिति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ रविवार को जशपुर प्रवास पर पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख थाना सिटी कोतवाली का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली, डिजिटल कार्यों, नवीन कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान श्री पिंगुआ सीधे थाने के डिजिटल रजिस्टर और क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम पोर्टल पर पहुंचे। उन्होंने वहां दर्ज एफआईआर, अन्य डेटा एंट्री, ई-साक्ष्य अपलोडिंग, और ई-समन तामिली की स्थिति को परखा। उन्होंने यह भी देखा कि डेटा कितनी तेजी और सटीकता से अपडेट हो रहा है, और अधिकारियों से इसके तकनीकी पहलुओं पर सवाल-जवाब किए। निरीक्षण के समय एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, डिप्टी कलेक्टर ओम द्विवेदी, एसडीएम ⏭ शेष पेज 4 पर



### पुलिस ऐप्स पर विशेष जोर

अपर मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार समाधान, कर्मयोगी, और आईगोट जैसे मोबाइल ऐप्स के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि ये ऐप्स आम जनता के लिए पुलिस सेवाओं को घर बैठे सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाधान ऐप के जरिए कोई भी नागरिक अपनी एफआईआर की प्रगति रिपोर्ट देख सकता है, गुम इंसान और अज्ञात शवों की पहचान से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकता है, और किरायेदार सत्यापन करा सकता है।

## सालेकेरा में कृषि वैज्ञानिक कुजूर ने दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत सालेकेरा, विकासखंड जशपुर में प्राकृतिक खेती मिशन योजना के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केवीके डूमरबहार के कृषि वैज्ञानिक प्रदीप कुजूर ने किसानों को जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक बनाने की तकनीक पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खेती की लागत कम कर टिकाऊ और प्राकृतिक पद्धति से उच्च गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त करना था। किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशक के स्थान पर कम लागत में स्वयं जैविक खाद एवं कीटनाशक तैयार करने के तरीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एसएडीओ जशपुर अजीत सोनवानी, क्षेत्र के आरएईओ राजेंद्र यादव, ग्राम पंचायत सालेकेरा के सरपंच आशीष भगत, उपसरपंच सहरू राम, कृषक मित्र उमेशनंद, कृषक सखी सुनीला एक्का सहित अन्य ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

## उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नारायणपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार 9 अगस्त को उरांव समाज के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवती और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में इकट्ठा हुए। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। यहां समाज के लोगों ने सांस्कृतिक रैली निकाली और सामूहिक नृत्य किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य शोभा देवी बंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि महान राम भगत शामिल थे।

### मांदर की थाप पर थिरके आदिवासी

आदिवासी समाज के महिला-पुरुष अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मांदर ढोल नगाड़ों, डीजे जैसे वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते रहे। इस वर्ष की विशेषता यह रही कि डीजे की धुन पर भी नृत्य किया गया।

### समाज के लोगों ने किया नगर भ्रमण

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए नारायणपुर ग्राम का भ्रमण किया। फिर वे पुनः स्कूल प्रांगण में सभा स्थल पर लौटे। यहां आदिवासी समाज में जागृति और संघर्ष की राह दिखाने वाले महापुरुषों का रीति-रिवाज के अनुसार पूजन किया गया और उन्हें पुष्प अर्पित किए गए।

### सभा में वक्ताओं ने रखे विचार

सभा में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के योगदान को प्रमुखता आदिवासी समाज ने देश की आजादी और विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने नई पीढ़ी को आदिवासी पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान के इतिहास से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में महान राम भगत, चरकु राम भगत, श्रीमती अर्बीका बागे छक्कन राम भगत। करमु प्रधान राजाराम मौजूद रहे।

### 87 मरीजों को फकीरी दवा का किया गया वितरण

## बाबा भगवान राम ट्रस्ट में निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सर्वेश्वरी समूह वामदेव नगर गम्हरिया, जशपुर में आयोजित निःशुल्क मिर्गी की फकीरी दवाई के वितरण शिविर में कुल 87 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवाई का वितरण किया गया। अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया, जशपुर में 10 अगस्त रविवार को बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 87 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 8 बच्चे भी थे।



शिविर का शुभारम्भ प्रातः 4.30 बजे परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं पूज्यपाद गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिए अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी धर्मेन्द्र सिंह को आमंत्रित किया गया था। शिविर में रांची, लोहरदगा, घाघरा, गुमला, सिमडेगा देवघर बेतिया, रायपुर, बिलासपुर, अम्बिकापुर, बलरामपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, कुसमी पत्थलगांव, कांसाबेल, फरसाबहार, जशपुर, सीधी आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। दवा वितरण पश्चात वैद्य रंजीत सिंह द्वारा औषधि सेवनकाल में किए जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। अगला शिविर पुनः तीन माह के बाद 9 नवम्बर को इसी अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में पीके श्रीवास्तव, संतोष कुमार मिश्र, धन्नजय सिंह विद्या सागर उपाध्याय, शाश्तवत पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह, अखिलेश यादव, वेद तिवारी, शिवम अक्षय सिंह का सहयोग रहा।

## अजबनगर राशन दुकान से राशन सामानों की चोरी

**बिश्रामपुर।** ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरों ने बीती रात दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए के राशन सामान की चोरी कर ली है।यह एक सुनियोजित वारदात लग रही है, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बीती रात करीब पौने तीन एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा रेकी करते हुए अपने पीछे पिकअप वाहन को साथ लेकर पहुंचा और दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे करीब 27 क्विंटल चावल, एक क्विंटल शक्कर,और चना ले उड़े। यह खाद्यान्न न सिर्फ 16 एपीएल परिवारों के लिए था।

## खबर संक्षेप



### सारासोर स्वास्थ्य शिविर में 653 ग्रामीणों का निशुल्क उपचार

**अम्बिकापुर।** मां सतकलोकी देवी ट्रस्ट एवं सक्षम आरोग्य भारतीय सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में सावन महोत्सव के अवसर पर सारासोर में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर 653 ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई तथा 160 लोगों का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क चश्मा दिया गया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री रामजी राजवाड़े, नागेश्वर नाथ योगी, दुर्गा चरण सिंह, सत्यम गर्ग, नपं अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा, जिपं सभापति अनुज राजवाड़े, माधुरी पाठक, राजीव पाठक, सुरेन्द्र साहू शिविर में नेत्र सर्जन डॉ. आनंद मोहन त्रिपाठी, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. सुमित मंडल, डॉ. विजय यादव, डॉ. स्वाति पटेल, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. अंकित लकड़ा, डॉ. अमुल्य चंद चानसी, डॉ. लोकेश्वरी साल सहित अन्य मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** बोर पंप चालू करने गई युवती करंट की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लटोरी निवासी सुहानी चौधरी आ. ओम प्रकाश चौधरी (16 वर्ष) शुक्रवार की शाम 4 बजे बर्तन धोने के लिए बोर पंप को चालू करने गई थी। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से मौके पर अचेत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बने मुसीबत



**प्रतापपुर।** तहसील क्षेत्र इन दिनों लोग गंभीर सड़क सुरक्षा संकट से जूझ रहे है। एक मोबाइल कंपनी द्वारा हाल ही में तहसील से प्रतापपुर तक के मुख्य मार्ग पर इंटरनेट केबल बिछाने के लिए जगह-जगह खुदाई की गई। लेकिन खुदाई कार्य पूरा होने के बाद न तो गड्ढों को भरा गया और न ही बीच सड़क पर डाले गए मिट्टी और पत्थरों के मलबे को हटाया गया। इससे पूरे मार्ग पर यातायात पर असर पर पड़ा रहा है। आज दोपहर तहसील कार्यालय के पास इस लापरवाही का नतीजा सामने आया। सड़क पर पड़े मिट्टी के मलबे से फिसलकर एक कार अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे आम के पेड़ से टकरा गई। हादसे के समय गाड़ी में कई यात्री सवार थे। गनीमत था की सभी को केवल हल्की-फुल्की चोटें आईं और एक बड़ा हादसा टल गया। चश्मदीदों के मुताबिक अगर गाड़ी की रफ्तार थोड़ी और तेज होती या सामने से कोई वाहन आ जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## समाज के लोगों ने निकाली रैली

# शहर में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



रैली में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व आदिवासी समाज द्वारा शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के कला केंद्र मैदान में समाज के लोगों द्वारा वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके साथ ही शहर में रैली निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और मांदर की थाप पर जमकर थिरके।

**खास बात**
- संभाग भर में हुए विविध आयोजन

बता दें कि 9 अगस्त को प्रदेशभर में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संभाग मुख्यालय में सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने शहर के घड़ी चौक से गाजे बाजे के साथ पारम्परिक परिधानों में भव्य रैली निकाली गई। रैली घड़ी चौक से संगम चौक, पुराना बस स्टैंड रोड से अग्रसेन चौक, सदर रोड, महामाया चौक से पुनः संगम चौक होते हुए कला केंद्र मैदान में सम्पन्न हुई।

इस दौरान समाज के लोग मांदर की थाप कर जमकर थिरके। वहीं मंच से आदिवासी समाज ने समाज के लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष अमृत सिंह मरावी ने बताया की 9 अगस्त को देश और दुनिया में एक साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाना और अपने समाज की संस्कृति, सभ्यता, भाषा और परम्पराओं से अवगत करना है। समाज की संस्कृति को इस कार्यक्रम के माध्यम से पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**शंकरगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस शंकरगढ़ के खेल मैदान में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा स्टेडियम ग्राउंड से गणेश चौक बचवार तक विशाल रैली निकाली गई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी पारंपरिक परिधान में प्रस्तुति दी। मंच पर सभी समाज प्रमुखों को सह सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष लीडु लकड़ा समाज प्रमुख स्टीफन बखला, राम साय उरांव, कृष्ण लकड़ा, कुंवर साहब, प्रवीण नाथ, बृजमोहन टप्पे, कबलू राम, करन राम, प्रभु भगत, गुरमाल भगत, शिवशंकर भगत, जगेश्वर पैकरा, बीरेंद्र एक्का, तिलन राम, इंद्रजीत भगत, कलम साय लकड़ा, मानिक चंद पैकरा, जिपं सदस्य श्रीमती गीता पैकरा, तिलासाय, अमीन साय संजय उरांव, श्याम राज लकड़ा, बुधन पैकरा, नवसाय कुजूर, बिरजू राम, सुकांति पैकरा, विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच पंच सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों को उठाया। विशेष कर शिक्षा, नशापन, गरीबी एवं स्थानीय समस्याओं पर विचार किया गया। मंच का संचालन श्री रिझन एक्का का द्वारा किया गया।







### बच्चों ने आदिवासी संस्कृति के झलक दिखाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

**रामानुजगंज।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज संगठन जोन जामवंतपुर द्वारा समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पोर्ते, सुभेल कुमार, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह,राजदेव सिंह की उपस्थिति में ग्राम तेतरडीह के खेल मैदान में बृहद आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान विविध आदिवासी संस्कृति के झलक दिखलाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मूल निवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलक देखी गई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर देवराज सिंह ने बताया कि कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जा रही थी। कार्यक्रम में पूरे जिले से आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में उत्साह देखते हैं बन रहा था। आयोजन को सफल बनाने में देवराज सिंह, अजय सिंह,अजीत सिंह, सुकुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह, सीताराम मरकाम, अनिश सिंह सक्रिय रहे।





## युवक को ट्रेलर ने मारी टक्कर मौत, महिला व बच्चा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रक्षा बंधन में बाइक से पत्नी और मासूम बच्चे के साथ ससुराल जा रहे 25 वर्षीय युवक की अनियंत्रित रफ्तार की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई,घटना में उसकी पत्नी और मासूम गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

करंजी चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि सपकरा निवासी अनिरुद्ध पिता अशोक कुमार शनिवार को अपनी पत्नी और बच्चे को बाईक में बैठा रक्षा बंधन में अपने ससुराल कसकेला जा रहे थे तभी बिश्रामपुर दतिमा मार्ग में नितिन फ्यूल पेट्रोल पंप के सौ मीटर आगे कुमदा पहुंच मार्ग के समीप भटगांव की ओर से आ रही ट्रेलर सीजी 29 ए 4020 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाईक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया।घटना में आमने सामने हुई टक्कर में बाइक चला रहा अनिरुद्ध चालीस मीटर दूर सड़क में घसीटते जा गिरा जिससे सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी और मासूम जख्मी हो गए जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया है।घटना की सूचना पर करंजी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजनो को सौंप दिया।इधर अनियंत्रित वाहनों पर लगाम और मुआवजा की मांग को लेकर स्थानीय लोगो ने कुछ समय के लिए भटगांव मार्ग बाधित कर मृतक के परिवार के लिए तत्काल मुआवजा राशि की मांग करने लगे।सूचना पर पहुंचे सूरजपुर तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर हर संभव मदद को आश्वस्त किया, तब जाकर लोग माने।पुलिस ने मृतक के पिता अशोक कुमार की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ 125 ए,281,106(1) का अपराध दर्ज कर लिया है।घटना से आज सपकरा में शोक व मातम का माहौल निर्मित हो गया है।पुलिस दुर्घटनाकारी ट्राला ट्रक को जप्त कर मामले की जांच कर रही है।

### नशे के खिलाफ भटगांव पुलिस ने खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को किया जागरूक

**सलका अघिना।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति को लेकर एक व्यापक अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत पुलिस युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत थाना भटगांव ने ग्राम बुंदिया में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। समापन मुकाबला बुंदिया व डुमरिया के मध्य खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रहीं। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी में डुमरिया ने बुंदिया को हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। अतिथियों ने विजेता टीम को 1 हजार नगद व शील्ड और उपविजेता 500 नगद व शील्ड सहित अन्य खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें नशे के शारीरिक और आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना था। मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि रामसेवक पैकरा ने पुलिस की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करेगी, जिससे वे नशे से दूर रह सकेंगे। उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन लिया। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने युवाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाज से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट होने की बात कही। उन्होंने बताया कि पुलिस युवाओं को शिक्षा और खेलों के प्रति प्रेरित कर रही है। इस दौरान थाना के प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश पटेल, विष्णु दत्त, विश्व रंजन, गौतम, राधे व अन्य उपस्थित थे।



## रक्षा बंधन को लेकर भारी उत्साह, बहनों ने भाइयों की आरती उतार बांधी राखी







हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्रावण पूर्णिमा पर शनिवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन उल्लास पूर्वक मनाया गया। अपने भाइयों को राखी बांधने बहनें लंबा सफर कर भाई के घर पहुंची एवं भाइयों की आरती उतार उनके दीर्घ जीवन की कामना की। रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया।

- देर शाम तक चलता रहा राखी बांधने का सिलसिला, बच्चों में दिखा उत्साह

शनिवार को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के पूर्व भाई-बहनों ने अपने अराध्य की पूजा-अर्चना की तथा एक-दूसरे के सुख समृद्धि की कामना की। बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतारी तथा तिलक लगाकर जीवन में हमेशा सफलता हासिल करने की कामना के साथ कलाइयों पर राखी बांधी। बहनों ने भाइयों को उनके पसंद की मिठाइयां खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को मिठाई खिलाकर कपड़े, गहने एवं अन्य उपहार दिए। इस दौरान भाई-बहनों ने आजीवन एक दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी रहने एवं सुख-समृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर पूरे दिन मिठाइयों के साथ हास-परिहास का दौर चलता रहा। रक्षा बंधन को लेकर उत्साहित छोटे बच्चों में उपहार को लेकर भारी आकर्षण दिखा। नन्हे भाई-बहनों के बीच उपहार को लेकर कहा सुनी, मान-मनव्वल एवं परिहास परिजन के आकर्षण का केंद्र बना रहा। रक्षा बंधन पर छोटी बहनों ने अपने भाइयों से जमकर उपहार बटोरा। भाई को राखी बांधने अपनी ससुराल से मायके पहुंची एवं परिवार के साथ सुकून के पल गुजारी। बहनों के ससुराल से भाई को राखी बांधने के लिए मायके पहुचने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

### केन्द्रीय जेल में उमड़ी बहनें

केन्द्रीय जेल में निरुद्ध बंदियों को राखी बांधने के लिए दूर दूर से बहनें पहुंची। केन्द्रीय जेल प्रबंधन द्वारा रक्षा बंधन को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी। सुबह होते ही बहनें केन्द्रीय जेल पहुँचने लगी थी। इस दौरान पूरे दिन बहनों के आने जाने का सिलसिला चलता रहा तथा बहनें अपनी बारी का इन्तजार करती रही। अपनी बारी आने पर बहनों ने अपने कैदी भाई से मिली तथा राखी बांधी। इस दौरान भाई-बहनों के बीच भावनात्मक बातें हुई। जेल में भाइयों को राखी बांधने के बाद बहनें नम आखों के साथ बाहर निकली।

* **अम्बिकापुर।** अकांक्षी विकासखंड लखनपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक प्रबंधक अधिकारी देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, औद्योगिक विकास नीति, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की जानकारी विस्तार से दी। कार्यक्रम में समूह की महिलाएं, बैंक सखी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के मुख्य अतिथि में भाजपा कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। बैठक के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तैयारी की समीक्षा करते हुए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने एवं गांव गांव तक तिरंगा यात्रा और हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे जोश उत्साह एवं शान से लहराने कहा गया।

भाजपा मंडल कार्यालय में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला के प्रभारी एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, कार्यक्रम के सह प्रभारी भाजपा मंडल जरही के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा मंडल प्रतापपुर के मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत प्रतापपुर की प्रथम नागरिक नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापार प्रकोष्ठ अंबिका जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला सिंह कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह के साथ गांव में शक्ति केंद्र स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाए। कार्यशाला के दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सह प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता द्वारा अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान प्रफुल्ल गुप्ता, अवधेश पाण्डेय, राम लखन सिंह, श्रीमती सुशीला गुप्ता, नंद यादव, कृष्णा सोनी, श्रीमती सीता पैकरा, श्रीमती नीलम रजक, रतीराम, चंद्रदेव सिंह, शिव रवि, राजनाथ सिंह, अशोक जायसवाल, विक्रम नामदेव, अजय जायसवाल, मोहन भोय, प्रेम पैकरा, पनाराम, हरिलाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## तस्कर अंग्रेजी शराब दुकानों से ही लेकर कर रहे सप्लाई

# नगर में चल रहा अवैध शराब बिक्री का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार चरम पर है। तस्कर बेखौफ होकर मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे है और मोटी कमाई कर रहे है। क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही शराब और नशे के सामान के कारण युवा वर्ग नशे की जद में जकड़ रहे है और क्षेत्र का माहौल दूषित हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने में पुलिस व आबकारी विभाग की टीम नाकाम साबित हो रही है।

शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए है और कार्रवाई भी हो रही है। वहीं लोगों को शासन द्वारा संचालित शासकीय अंग्रेजी और देशी शराब दुकानों के माध्यम से शराब उपलब्ध कराई जा रही है ताकि अवैध कारोबार पर रोक लग सके लेकिन शराब माफिया शासन की मंशा पर पानी फेर रहे है। पहले तस्कर दूसरे राज्यों से शराब की बोतलें लाकर उनकी बिक्री करते थे लेकिन अब माफियाओं को दूसरे राज्य जाने की जरुरत नहीं पड़ रही है और शासकीय अंग्रेजी शराब दुकानों से ही बड़ी आसानी से देशी विदेशी शराब उपलब्ध हो जाती है और यह शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। कर्मचारी नियमों को ताक में रखकर उन्हें भरपूर माता में शराब उपलब्ध कराते है। नियम के तहत शराब दुकान से एक दिन में एक व्यक्ति को पौव्वा-अद्धी मिलाकर केवल 6 बोतल शराब देने का नियम है। जिसका शराब माफिया भरपूर फायदा उठाते है और थोड़े थोड़े अंतराल में शराब दुकान से काफी मात्रा में शराब इकट्ठी कर लेते है। शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मचारी एवं शराब माफियाओं के इस बेमेल सांठगांठ से ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फलने फूलने लगा है। खासकर गुतुरमा, मुरता, काराबेल, रजपुरी, सहनपुर, भुसु एवं अन्य कई गांव के किराना दुकान, गुमटी समेत होटल एवं ढाबों में अवैध शराब की बिक्री बेधड़क हो रही है। अवैध शराब कारोबार के कारण युवाओं, खासकर नाबालिग लड़को में नशे की लत बढ़ती जा रही है। शराब माफिया नाजायज फायदा उठाते हुए निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूल कर रहे है। शराब माफिया के बदौलत गांवों में आसानी से मिलने वाली शराब के वजह से युवक युवतियों में तेजी से अंग्रेजी शराब का चलन बढ़ता जा रहा है। जन्मदिन जैसे कार्यक्रमों में युवा पीढ़ी फिल्मी तर्ज पर शराब का सेवन करते है और गांव में जमकर हुड़दंग मचाते है। जिसकी वजह से गांव का माहौल दूषित होने के साथ मारपीट तक कि नौबत आ जाती है। क्षेत्र में शराब के बढ़ते अवैध कारोबार और युवाओं में बढ़ती शराब की लत से अभिभावक काफी परेशान है।

### पुलिस ने पकड़कर छोड़ा

बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले पुलिस ने एक शराब माफिया को हिरासत में लिया था। गुतुरमा निवासी युवक के पास से भारी मात्रा में अंगेजी शराब जब्त किया गया था और पुलिस उसे पकड़कर थाणे ले गई लेकिन रात के समय ही युवक को छोड़ दिया गया। पुलिस ने युवक को किस आधार पर छोड़ दिया इसके बारे में अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पा रहे है। वहीं लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चाचा-भतीजा की जोड़ी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है लेकिन पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौरव पांडेय ने बताया कि ग्राम गुतुरमा निवासी सुनील अजगल्ले को पकड़ा गया था। जिसके पास से दो तीन बियर मिली थी।




# 'परम सुंदरी' का गाना 'भीगी साड़ी' जारी, 29 को होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा पिछले काफी समय से फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा ने संभाली है, वहीं इसका निर्माण दिनेश विजान कर रहे हैं। अब 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है, जिसे श्रेया घोषाल और अदनान सामी ने मिलकर गाया है। 'भीगी साड़ी' में सिद्धार्थ और जाह्नवी की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। दोनों जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## लाइफ Style



# रुक्मिणी

## 'कांताराः चैप्टर 1' की दिखी पहली झलक


एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी पिछले काफी समय से फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म साल 2022 में आई कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है, जिसका दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब 'कांताराः चैप्टर 1' से रुक्मिणी वसंत की पहली झलक सामने आ गई है,जिसमें वह पारंपरिक लुक में नजर आ रही हैं। कनकवती के रूप में रुक्मिणी खूब जंच रही हैं।

रुक्मिणी दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह मुख्य रूप से कन्नड़, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। 28 वर्षीय रुक्मिणी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2019 में आई कन्नड़ फिल्म 'बीरबल त्रयी' के जरिए की थी। उन्होंने 'भैरथी रनागल', 'बघीरा', 'बाणदरियाल्ली', 'ऐस' और 'अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो' जैसी फिल्मों में भी काम किया है। आने वाले समय में रुक्मिणी 'कांताराः चैप्टर 1', 'मधरासी' और 'एनटीआर31' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। 'कांताराः चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

'कांतारा: चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# फिल्म महोत्सव में चलेगा शोले का जादू

**लॉस एंजिल्स।** कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनकी लोकप्रियता पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रहती हैं। वैसी ही फिल्म है 'शोले', जो गुजरते समय के साथ हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शुमार हो गई। यह फिल्म हमेशा सिने प्रेमियों की यादों में जिंदा रहेगी। फिल्म का जिक्र इसलिए कि इसकी रिलीज के 50 साल पूरे होने पर इसकी स्क्रीनिंग प्रतिष्ठित टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में की जाएगी। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 6 सितंबर, 2025 को 1,800 सीटों वाले रॉय थॉमसन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में होगी।'



# एक्टर टॉम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इवेंट में टॉम क्रूज ने इंडियन फैंस को खास तोहफा देते हुए खुलासा किया कि उन्हें हिंदी सिनेमा से गहरा लगाव है और वह एक हिंदी फिल्म में काम करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत एक अद्भुत देश है, यहां के लोग और संस्कृति शानदार हैं। मुझे भारत से बहुत प्यार है। मेरा भारत का अनुभव मेरी यादों में बस गया है। जब मैं वहां पहुंचा, ताजमहल देखने गया और मुंबई में भी समय बिताया, मुझे हर पल बहुत अच्छी तरह याद है। इंटरनेशनल क्रश ने आगे कहा, मैं भारत में जाकर वहां पर फिल्म बनाना पसंद करूंगा। मुझे बॉलीवुड फिल्में बहुत पसंद हैं।



# 'जटाधारा' में सामने आया रौद्र रूप...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में सोनाक्षी कई बड़ी फिल्मों में अभिनय करती दिखेंगी। इन्हीं में से एक है 'जटाधारा'। इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। अब निर्माताओं ने 'जटाधारा' का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें सोनाक्षी का रौद्र रूप दिख रहा है। सुधीर और सोनाक्षी दिखे आमने-सामने टीजर में सोनाक्षी आकर्षक और गंभीर अवतार में दिख रही हैं। गहने, गहरे काजल से सजी आंखें, लाल बिंदी और माथे पर तिलक उन्हें एक उग्र रूप दे रहा है। 'जटाधारा' में सोनाक्षी का एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा।



# 'द पैराडाइज' में दिखा धांसू अवतार...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है। फिल्म 'दशहरा' के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं। अब आखिरकार 'द पैराडाइज' से नानी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। नानी पहले पोस्टर में जदल के रूप में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 'द पैराडाइज' एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा।

## टीवी मसाला

# 'बिग बॉस 19' में आएंगी नजर 'अनुपमा' में बनीं थीं किंजल

**मुंबई।** निधि शाह छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने टीवी शो 'अनुपमा' में किंजल का किरदार निभाया था, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ। इस वक्त वह टीवी से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। अब खबर आ रही है कि निधि सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन में नजर आ सकती हैं, जिसकी मेजबानी सलमान खान करने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, निधि शो 'बिग बॉस 19' में नजर आ सकती हैं। निर्माताओं ने अभिनेत्री से संपर्क किया है। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो निधि शो में दिखेंगी। अभिनेत्री इस शो में रुचि को दिखा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। शैलेश लोढ़ा, गुरुचरण सिंह, रैपर रफ्तार और जेनिफर मिस्त्री को भी शो के लिए संपर्क किया गया है। 'बिग बॉस 19' को आप 24 अगस्त से जियो हॉटस्टार और कलर्स पर देख पाएंगे। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी। प्रतियोगियों की सूची में लता सभरवाल से लेकर आशीष विद्यार्थी, गौतमी कपूर, धीरज धूपर, अलीशा पंवार, मुनमुन दत्ता, अनीता हसनंदानी, कृष्णा श्रॉफ, कनिका मान, राज कुंद्रा, डेजी शाह, अर्शिफा खान, तनुश्री दत्ता, शरद मल्होत्रा, ममता कुलकर्णी, पारस कलनावत और मिकी मेकओवर का नाम शामिल है।



# 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ नजर आएंगी 3 अभिनेत्रियां



**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था। आने वाले समय में आयुष्मान एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करते नजर आएंगे। इन्हीं में से एक 'पति, पत्नी और वो 2' है, जिसके निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

***सामने आई ये दिलचस्प जानकारी :*** पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ एक नहीं, बल्कि 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। सारा अली खान और वामिका गब्बी पहले ही इस फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। अब 'पति, पत्नी और वो 2' में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की एंट्री हो गई है। जहां 'पति, पत्नी और वो' में 2 अभिनेत्रियों ने मुख्य भूमिका निभाई थी, वहीं इसके सीक्वल में 3 अभिनेत्रियां दिखाई देंगी।

### सितंबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'पति, पत्नी और वो 2' की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की कहानी लिखकर तैयार है। यह एक बेहतरीन सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें कई कलाकार नजर आएंगे। अन्य किरदारों के लिए कास्टिंग अभी चल रही है। मुदस्सर अजीज ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

# सुनीता आहूजा हो गई थीं 8वीं में फेल बोलीं- गोविंदा के साथ चक्कर चल रहा था

*__मुंबई।__ गोविंदा भले ही अपनी पेशेवर या निजी जिंदगी पर कम बात करते हों, लेकिन उनकी पत्नी सुनीता आहूजा सुर्खियों में रहने का कोई मौका नहीं छोड़तीं। हाल ही में उन्होंने अपने स्कूल के दिनों पर बात की। सुनीता ने बताया कि जब वह 8वीं में फेल हो गई थीं तो उनकी मां ने गर्म तवे से उनका मुंह जला दिया था, क्योंकि उन्होंने झूठ बोला था। सुनीता ने ये भी बताया कि तब वह गोविंदा के साथ रिलेशनशिप में थीं।*

***मां ने दी थी झूठ बोलने की ऐसी सजा :*** *मीडिया से हालिया बातचीत के दौरान सुनीता ने कहा, मैं आठवीं क्लास में थी और फेल हो गई थी। मैंने अपनी मां को इसके बारे में नहीं बताया था और तब तक मैं गोविंदा के साथ रिश्ते में आ चुकी थी। मैंने अपनी मां से झूठ बोला कि मैं पास हो गई हूं। बस फिर क्या, मेरी मां ने तवा गरम किया और उसे मेरे गालों पर लगा दिया। मेरी मां बड़ी सख्त थीं। उन्हें झूठ से नफरत थी।*

### किताब खोलते ही सुनीता को आने लगती थी नींद

सुनीता बोलीं, मेरी मां पढ़ाई पर बड़ा जोर देती थी। वो चाहती थी कि मैं पढ़ूं और मैं थी बिल्कुल विपरीत। मेरा पढ़ाई में कतई मन नहीं लगता था या कहें मुझे पढ़ाई से बड़ी नफरत थी। किताबें खोलते ही मुझे नींद के झोंके आने लगते थे। सुनीता ने बताया, एक बार मेरी बड़ी बहन मुझे पढ़ाई के लिए मजबूर कर रही थी, उसकी जिद से मुझे गुस्सा आ गया। मैंने एक ब्लेड ली और उससे उसकी जांघ काट दी थी।



### पैसों की वजह से सुनीता को पसंद थी गणित

सुनीता ने बताया कि उन्हें केवल गणित पसंद थी, क्योंकि उन्हें पैसों से प्यार था। सुनीता ने गोविंदा से साल 1987 में शादी की थी। उन्होंने 1 साल तक अपनी शादी की बात दुनिया से छिपाई। अपनी बेटी टीना के जन्म के बाद ही इसकी घोषणा की। सुनीता के पिता इस शादी के सख्त खिलाफ थे और वह अपनी बेटी के इस खास दिन में शामिल भी नहीं हुए थे। टीना के जन्म के समय सुनीत 19 साल की थीं।

**सुनीता को कैसे मिले थे गोविंदा? :** गोविंदा अपने मामा के साथ रहते थे और सुनीता अक्सर अपनी बहन और जीजा (जो गोविंदा के मामा थे) के घर आती-जाती थीं। तकरार से शुरू हुई कहानी धीरे-धीरे प्यार में बदली और फिर 18 की होते ही सुनीता आहूजा ने गोविंदा से शादी कर ली। गोविंदा ने उस समय अपना करियर शुरू ही किया था। उनकी लोकप्रियता को नुकसान ना पहुंचे, इसके लिए सुनीता और अपनी शादी की बात को 1 साल तक सबसे छिपाकर रखा था।

# आमिर खान के साथ सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनाएंगे लोकेश कनगराज

**मुंबई।** आमिर खान पिछली बार फिल्म 'सितारे जमीन पर' में दिखे थे। इस फिल्म ने न सिर्फ बढ़िया कमाई की, बल्कि आमिर ने भी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अब आमिर की आने वाली फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। एक ओर लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' में आमिर का कैमियो काफी चर्चा में हैं, वहीं लोकेश ने खुद आमिर के साथ एक अलग से बड़ी फिल्म बनाने का ऐलान कर दिया है लोकेश कनगराज ने हालिया बातचीत में स्वीकार किया कि आमिर के साथ फिल्म करने का मौका उन्हें 'कुली' में काम करने के बाद मिला। वह बोले, मैं हमेशा से आमिर के काम के प्रशंसक रहा हूं और अभिनेता को भी उनके साथ काम करने में मजा आया। जैसे-जैसे हमारे बीच अच्छा तालमेल हुआ, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या हम साथ में कोई एक्शन फिल्म कर सकते हैं? उन्होंने काफी समय से कोई एक्शन फिल्म नहीं की है। लोकेश ने कहा, आमिर को कुली के एक्शन बहुत पसंद आए। मेरा सिनेमा स्कूल अलग है और उनका अलग। हालांकि, जब हम साथ आए तो उन्हें बहुत अच्छा लगा।



## कुछ हिस्सा बनने खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने शो ठुकराने में देर नहीं लगाई

# 'बिग बॉस 19' ठुकरा चुके ये कलाकार, एक बोला- 20 करोड़ देंगे तो भी नहीं जाऊंगा

*__मुंबई।__ एक ओर जहां कुछ सितारे 'बिग बॉस' में जाने का सपना देखते हैं तो वहीं, कुछ ऐसे कलाकार भी हैं, जिन्हें नंबर 1 शो से कोई लेना-देना नहीं है। 'बिग बॉस 19' से अब तक कई सितारों का नाम जुड़ चुका है। कुछ इसका हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने करोड़ों रुपये ऑफर होने के बाद भी शो ठुकराने में देर नहीं लगाई। आइए जानें किन सितारों ने दिखाया 'बिग बॉस 19' को ठेंगा।*



### दिव्यांका त्रिपाठी और राम कपूर

खबरें थीं कि 'बिग बॉस' के निर्माता 'ये हैं मोहब्बतें' की इशिता भल्ला यानी लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी को शो में लाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, दिव्यांका ने कहा, फर्जी, ऐसी अफवाहें वो हर साल फैलाते हैं। उधर राम कपूर को भी शो का प्रस्ताव मिला था, जिस पर वह बोले थे, मैं कभी 'बिग बॉस' में नहीं जाऊंगा, भले ही वो मुझे 20 करोड़ रुपये दें क्योंकि इस तरह का शो मेरे लिए नहीं है।

### मल्लिका शेरावत और डेजी शाह

खबरें थीं कि अभिनेत्री मल्लिका शेरावत इस साल शो का हिस्सा बनेंगी। हालांकि अभिनेत्री ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'मैं सारी अफवाहों पर विराम लगा रही हूं। मैं 'बिग बॉस' में नहीं जा रही हूं और ना कभी जाऊंगी।' दूसरी ओर अभिनेत्री डेजी शाह ने भी शो का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया था कि वह ना ये शो कर रही हैं और ना कभी करेंगी।



### जन्नत जुबैर और एलनाज नोरौजी

अभिनेत्री जन्नत जुबैर 'बिग बॉस 19' को ठेंगा दिखा चुकी हैं। उन्होंने कहा था, मैं उस तरह की इंसान नहीं, जो बगैर किसी कारण शो में रहने के लिए चिल्लाऊं और झगड़ा करूं। उधर 'द ट्रेटर्स' और आगामी फिल्म 'मस्ती 4' से सुर्खियों में बनी हुई अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने प्रस्ताव इसलिए ठुकराया, क्योंकि वो सिर्फ लाइमलाइट नहीं, बल्कि लंबा और दमदार करियर बनाना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें इसके लिए 6 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया था।



### अनीता हसनंदानी और जरीन खान



अभिनेत्री अनीता हसनंदानी को भी 'बिग बॉस 19' का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसका हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया। अनीता बोलीं, ये शो मेरे जैसे व्यक्तित्व वालों के लिए नहीं बना है। मैं इसमें शामिल नहीं हो सकती। उधर जरीन खान ने ये कहकर शो ठुकरा दिया कि वह न तो 3 महीने अपने घर से दूर रह सकती हैं और ना ही दुर्व्यवहार बर्दाश्त कर सकती हैं। वो यहां गईं तो उनका हाथ उठ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अंडर 16 क्रिकेट में मिली बड़ी सफलता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की 2026 अंडर 16 क्रिकेट के संभावित खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी गई है जिसमें जिले से 5 खिलाड़ी टीम में चयनित हुए है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि रायपुर में संभावित टीम का कैंप लगाया जाएगा। जिसमें जिले से चयनित खिलाड़ी सिद्धार्थ सेन गुप्ता, युवराज यादव, अंकित मिश्रा, अंकुश कुमार एवं अनूप कुमार चौबे शामिल किए गए है। ज्ञात हो कि अंकित, अंकुश, युवराज एवं अनूप चौबे अंडर 14 टीम में भी चयनित किए गए थे। जबकि सिद्धार्थ सेन गुप्ता अंडर 16 के जिले के कप्तान थे। इन पांचों खिलाड़ियों के चयन पर इस शानदार सफलता पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले 31 चालक चढ़े हत्थे

**रायगढ़।** शुक्रवार की देर रात पूरे जिले में ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस और विभिन्न थाना क्षेत्रों की टीमों ने अभियान के दौरान शहर चौक-चौराहों, बाइपास और प्रमुख मार्गों में वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से जांच की। जिसमें 31 वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। ऐसे में सभी पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया है। ज्ञात हो कि शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाना गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है, इसलिए यह अभियान विशेष रूप से त्योहार को देखते हुए चलाया गया। धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत ड्रिंक एंड ड्राइव पर 10000 रुपए तक का जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई का कठोर प्रावधान है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहार के अवसर पर जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 25 तक आवेदन

**रायगढ़।** जिले में समावेशी शिक्षा के तहत वार्षिक कार्य योजना में स्वीकृत स्पीच थैरेपिस्ट हेल्पर आया एवं स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक अपना आवेदन 25 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं पात्रता शर्तें जिला रायगढ़ की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध हैं जिसका आवेदक अवलोकन कर सकते हैं।

## पेज 3 का शेष

### रक्षाबन्धन का त्यौहार ...

किसी नेता या प्रतिष्ठत व्यक्ति या सरकारी विभागों में रहकर कार्य करने वाले भाई को स्थानीय संस्था स्कूल की बहने राखी बाँध कर उन्हें अपने बहन से दूर रहकर भी बहन के पास रहने का अहसास कराती है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले उपहार देते है। चाहे वो पैसा हो या कपड़े या फिर सोने चांदी के गहने सभी अपने सामर्थ्य से अपनी बहनों को उपहार देकर खुश रखते है।

### अपर मुख्य सचिव ...

ओंकार यादव, जेल अधीक्षक एस.एल. ठाकुर, और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कर्मयोगी ऐप पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण, दिशानिर्देश और नई कार्यप्रणालियों की जानकारी उपलब्ध कराता है।आईगोट ऐप अधिकारियों और कर्मचारियों को नवीनतम कानून, नीतियों और सरकारी प्रक्रियाओं से अपडेट रखने का प्लेटफॉर्म है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन ऐप्स के अधिकतम इंस्टॉलेशन सुनिश्चित किए जाएं और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इनके विस्तृत प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि लोग आसानी से इनका लाभ उठा सकें। निरीक्षण के बाद श्री पिंगुआ ने सिटी कोतवाली की कार्यप्रणाली को संतोषजनक और बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि थाने में उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग, रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित संधारण, और डिजिटल तकनीक का समयबद्ध उपयोग प्रशंसनीय है।

## जिले में पैरेंट टीचर मीटिंग का सफल आयोजन

# मेगा पीटीएम में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोतरा में शासन के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्राचार्य आरसी नवनीत के नेतृत्व में मेगा पेरेंट टीचर मीटिंग का सफल और भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय की शैक्षणिक, सह पाठ्यक्रमीय और व्यवस्थागत गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिकायत एवं सुझाव बॉक्स के माध्यम से पालकों के बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित किए गए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जा सके।

सेजेस के नोडल व्याख्याता वीर सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर ही बच्चे का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। हम सबका दायित्व है कि बच्चों को बेहतर भविष्य और सकारात्मक माहौल प्रदान करें। इसी उद्देश्य से विद्यालय निरंतर उनके विकास के लिए सार्थक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उन्होंने आगे विद्यालय की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि छोटे बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम में स्पोकन इंग्लिश क्लासेस शुरू की गई हैं वहीं बड़े बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता और अन्य रचनात्मक गतिविधियां समय समय पर आयोजित की जाती हैं जिससे उनका ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ती है। वरिष्ठ व्याख्याता एस आर गुप्ता ने परीक्षा प्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि पालकों को बच्चों के परीक्षा परिणाम पर विशेष ध्यान देना चाहिए और उनकी प्रगति की जानकारी समय समय पर लेनी चाहिए। एचओडी शांति मिश्रा ने शनिवार की गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता सहित कई रचनात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं जिनकी झलक हाल ही की गतिविधियों के प्रोजेक्टर प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से पालकों को दिखाई गई। साथी सभी पालकों को बड़े गर्व के साथ बताया किए विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहा है एक विद्यार्थी का अंडर 19 क्रिकेट में संभाग स्तरीय एवं 6 बच्चों का रग्बी में चयन हुआ। उसका पूरा श्रेय विद्यालय के लिए समर्पित गोल्ड मेडलिस्ट पीटीआई शांतनु राय को जाता है। आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक राजेंद्र कुमार चौहान ने कहा इतने व्यस्त कृषि कार्य और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच भी आज जिस बड़ी संख्या में आप सभी पालक यहां उपस्थित हुए यह निश्चित रूप से आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आपकी जागरूकता को दर्शाता है। हम आपकी इस भावना को सलाम करते हैं। विद्यालय परिवार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई अन्याय नहीं होने देंगे और हम सब मिलकर उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।



## आत्मानंद घरघोड़ा में मेगा पालक बैठक

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में मेगा पालक बैठक का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पालकगण, अभिभावक और उनके छात्र छात्राएं विद्यालय प्रांगण में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधन और दूरदर्शी नेतृत्व से माहौल को प्रेरणादायक बना दिया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को नए शिखर पर ले जाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि श्विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही हमारा पहला और अंतिम लक्ष्य है। श्री वर्मा ने पालकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय में प्रत्येक छात्र को न केवल उच्च स्तरीय शिक्षा, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण के लिए भी विशेष वातावरण प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक खंड की प्रधान पाठक श्रीमती सबीना सोनी और हिंदी माध्यम की प्रधान पाठक श्रीमती गीता पटेल ने भी पालकों से संवाद कर विद्यालय की प्रगति में उनके सहयोग को अनिवार्य बताया। बैठक में पालकों ने भी खुलकर अपने सुझाव एवं विचार साझा किए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में और मजबूती लाने की दिशा तय हुई। कार्यक्रम के अंत में वर्मा ने सभी उपस्थित पालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह संदेश दिया कि विद्यालय और अभिभावक मिलकर ही बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रख सकते हैं। उनकी सक्रियता और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखकर पालकों ने भी उन्हें सच्चा शिक्षानायक बताया। यह बैठक न केवल संवाद का एक सफल मंच साबित हुई बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नए उत्साह और उम्मीद की शुरुआत भी बनी।

# अंजनी स्टील में मजदूर की हुई थी मौत, प्रबंधक पर अपराध दर्ज




**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजनी स्टील कंपनी में गत 18 जुलाई को काम करने के दौरान केनबुश तार के संपर्क में आकर करंट लगने से श्रमिक की मौत हो गई थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने पाया कि श्रमिक को बिना सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए उपेक्षापूर्वक कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में पुलिस ने कारखाना प्रबंधक को दोषी मानते हुए उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक उज्जलपुर स्थित अंजनी स्टील कंपनी में 18 जुलाई को श्रमिक मोहम्मद हैदर अंसारी काम करने गया था। काम समाप्ती के पहले शाम करीब साढ़े 5 बजे अंजनी स्टील लिमिटेड परिसर के अंदर स्पंज आयरन डिविजल कोल केसर साईड में केन बुस तार के संपर्क में आने से वह करंट की चपेट में आ गया था। हैदर अंसारी के बायें गाल एवं पीठ पर करेंट लग गया जिससे वह बेहोश हो गया था। साथी मजदूर के साथ हादसा होने पर वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों में हडक़म्प मच गई तथा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए कम्पनी के एम्बुलेंस से केजीएच रायगढ़ लाया गया था, जहां प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस घटना पर पुंजीपथरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। मर्ग जांच में पुलिस ने पाया कि बिना सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये उपेक्षा पूर्वक कार्य कराने जाने के कारण हैदर अंसारी की मौत हुई है तथा इसके लिएकारखाना प्रबंधक जिम्मेदार है। जांच में यह बात सामने आने पर पुलिस ने कारखाना प्रबंधक रविन्द्रनाथ प्रधान पिता स्व मुरलीधर प्रधान के विरूद्ध खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जांच अभियान

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में आगामी रक्षाबंधन स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में दूध व सूखे मेवों से निर्मित मिठाइयों नमकीनों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य को मिशन मोड में पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने भू.अर्जन, अवैध निर्माण पीडीएस अनियमितता, फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी सहित राजस्व से जुड़े सभी प्रमुख बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए।

■ अवैध निर्माण और पीडीएस गड़बड़ी पर कड़ा रुख कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर ने भू अर्जन अधिनियम के अंतर्गत रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं धर्मजयगढ़ अनुविभाग की विभिन्न परियोजनाओं में अवार्ड पारित और राशि वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अवैध निर्माण हुए हैं या हो रहे हैं वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पडऩे पर पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाए और नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

भू अर्जन रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण और पीडीएस गड़बड़ी पर कड़ा रुख कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि भू अर्जन के सभी रिकॉर्ड को विधिवत दुरुस्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में पाई गई खाद्यान्न की कमी की वसूली और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन को किसी भी प्रकार की क्षति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य मिशन मोड में पूर्ण करने पर जोर दिया ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में कोई परेशानी न हो। उन्होंने खरीफ सर्वे के लिए सर्वेयर चयन एवं सर्वे प्लान शीघ्र तैयार करने और गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए पटवारियों को फील्ड में भेजकर खसरा एवं फसल का मिलान समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### ई कोर्ट प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा के दिए निर्देश

बैठक में ई कोर्ट, नामांतरण, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन आदि के निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ई कोर्ट प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों में प्राप्त त्रुटि सुधार के आवेदनों का त्वरित निपटारा करने एवं व्यापक प्रचार प्रसार से अधिकतम प्रकरणों के समाधान पर जोर दिया। कलेक्टर ने कोटवारी सेवा भूमि, लैंड बैंक, नजूल रिकॉर्ड, स्वामित्व योजना के प्रथम चरण का स्थल सत्यापन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, सड़क दुर्घटना मुआवजा तथा आरबीसी 6.4 के मामलों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# चेंबर ऑफ़ कॉमर्स खरसिया द्वारा एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम



**खरसिया।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ एंड इंडस्ट्रीज इकाई खरसिया के अध्यक्ष सचिव राजेंद्र नूतन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी के आह्वान पर खरसिया नगर में महात्मा गांधी कॉलेज ग्राउंड परिसर में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष खरसिया के कमल गर्ग, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के उपाध्यक्ष अवध नारायण सोनी बंटी व पार्षद चीनू शर्मा द्वारा पौधारोपण कर की गई। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का वृक्षारोपण का अभियान पूरे प्रदेश में बहुत ही सुंदर वातावरण करने के लिए अच्छा प्रयास है। निश्चित रूप से प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधे अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। विशिष्ट अतिथि अवध नारायण सोनी बंटी नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

### एनसीसी की स्काउट टीम भी हुई शामिल

वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से एनसीसी के स्काउट टीम शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने भी चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस अभियान में शामिल होकर वातावरण को और भी प्रेरणादायक बना दिया।

### 15 अगस्त से चेंबर का सदस्यता अभियान प्रारंभ : मुकेश मित्तल

चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में खरसिया नगर में 189 सदस्य हैं। चेंबर द्वारा 15 अगस्त से चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी व्यापारियों नगर के जोड़ने हेतु सार्थक पहल की जाएगी, जिसमें सभी व्यापारियों को चेंबर के सदस्य बनाया जाएगा। खरसिया नगर के सभी व्यापारियों से खरसिया चेंबर इकाई अपील करता है कि अधिक से अधिक चेंबर द्वारा चलाए जा रहे सदस्य अभियान में बढ़ चढ़कर चेंबर के सदस्य बने एवं व्यापारी संगठन को मजबूत करें।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय संविदा शिक्षक भर्ती के लिए 25, 26 और 27 अगस्त को होगा वॉक इन इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा शुक्रवार को 36 शिक्षकों के लिए संविदा भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। जिले की वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर इस विज्ञापन का अवलोकन किया जा सकता है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस सारंगढ़ में संविदा भर्ती का वॉक इन इंटरव्यू 25 अगस्त 26 अगस्त और 27 अगस्त को लिया जाएगा। जारी विज्ञापन अनुसार वॉक इन इंटरव्यू के लिए समय सारणी जारी किया गया है इसके अनुसार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आवेदन पत्र जमा और पंजीयन तथा परीक्षण कार्य होगा। निर्धारित समय 11 बजे के बाद आवेदन पंजीयन स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। प्रातः 11.30 से दोपहर 12.30 बजे तक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट सूची का प्रकाशन एवं दावा आपत्ति जमा किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक तक दावा आपत्ति का निराकरण एवं इंटरव्यू के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात इंटरव्यू प्रारंभ किया जाएगा। 25 अगस्त को व्याख्याता भौतिकी रसायन, जीव विज्ञान सहायक शिक्षक विज्ञान और शिक्षक विज्ञान का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। 26 अगस्त को व्याख्याता कला वाणिज्य सहायक शिक्षक कला शिक्षक कला कम्प्यूटर शिक्षक, प्री प्रायमरी शिक्षक का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। 27 अगस्त को व्याख्याता अंग्रेजी सहायक शिक्षक गणित अंग्रेजी शिक्षक गणित अंग्रेजी का वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा।

### सर्पदंश से राजमिस्त्री की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत नींद में गाफिल राजमिस्त्री के पैर में जहरीले सर्प के डस लिया। जिससे उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली तहरीर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार खरसिया के ग्राम तुरेकेला निवासी रवि केंवट पिता सहस राम केंवट 28 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। वर्तमान में रवि अपनी पत्नी के साथ छाल क्षेत्र के ग्राम एडू में काम करने गया हुआ था। रात में वह खाना खाकर सोया था। इसी दौरान अचानक कारब 1 बजे उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के डसने से वह दर्द से कराह उठा और पत्नी को बताया कि उसके बायें पैर में सांप ने डस लिया है। इसके बाद रवि को इलाज के लिए खरसिया अस्पताल लाया गया जहां, प्रारंभिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान शरीर में जहर फैलने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बाढ़ प्रभावितों की मदद में आगे आया अदाणी पॉवर लिमिटेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अदाणी पॉवर लिमिटेडए रायगढ़ ने जिला प्रशासन को आवश्यक जीवन रक्षक सामग्री उपलब्ध कराई है। यह सहयोग कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर इकाई, अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से किया गया, जो आपदा की घड़ी में समुदाय के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

■ अदाणी फाउंडेशन के ज़रिए सौंपी गई जीवन रक्षक सामग्री

यह राहत सामग्री पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की उपस्थिति में जिला प्रशासन को औपचारिक रूप से सौंपी गई। इस सामग्री में 30 लाइफ गार्ड जैकेट, 30 लाइफ बॉय रिंग और 30 मीटर लंबी बचाव रस्सी शामिल हैं। ये सभी उपकरण राहत कार्यों को गति देने और आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ की ओर से परियोजना प्रमुख तथा सीएसआर के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन को सामग्री सौंपते हुए यह आश्वासन दिया कि कंपनी भविष्य में भी सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

जिला प्रशासन ने अदाणी पॉवर लिमिटेड के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह जीवन रक्षक सामग्री शीघ्र ही जरूरतमंद क्षेत्रों में भेजी जाएगी, जिससे राहत और बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। प्रशासन ने यह भी कहा कि निजी कंपनियों की इस प्रकार की संवेदनशील और सक्रिय भागीदारी आपदा प्रबंधन में एक सकारात्मक मिसाल पेश करती है।

# गड्ढों और कीचड़ से पटा रामलीला मैदान इस वर्ष फिर यहीं होगा चक्रधर समारोह



**रायगढ़।** गड्ढों और कीचड़ से पटे रामलीला मैदान का इस साल भी जनाजा निकलने वाला है। क्योंकि बदहाल मैदान में फिर से चक्रधर समारोह आयोजन करने की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। इसे लेकर विपक्ष ने जिला प्रशासन पर निशाना साधा है।

विपक्ष का कहना है कि नगर निगम द्वारा पंजरीप्लांट में करोड़ों की लागत से बनाया गया ऑडिटोरियम किस काम का है। चक्रधर समारोह यहां भी तो आयोजित किया जा सकता है, जिससे मैदान की हालत भी नहीं बिगड़ेगी और समारोह की गरिमा भी बरकरार रहेगी। दरअसल शहर के प्रमुख रामलीला मैदान की हालत बद से बदतर हो गई है। लाखों खर्च के बाद भी मैदान की दशा में कोई सुधार नहीं हो सका है। यहां का ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं होने से क्षतिग्रस्त नाली के पानी बीच मैदान में बह रहे हैं, जिससे बिन बारिश के खिलाड़ी कीचड़ में खेलने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं चारों तरफ उबड़-खाबड़ मैदान से भी खिलाड़ियों को भाग दौड़ करने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं मैदान के बीच बने गड्ढों में खिलाड़ी फंस कर गिर रहे हैं। इस मैदान के सौंदर्यीकरण के नाम पर कई बार लाखों रुपए खर्च हुए, लेकिन मैदान की हालत कभी नहीं बदली।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
06 सितंबर 2025
19 सितंबर 2025
05 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
20 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-~~18501/-~~ ऑफर 16,501/-, 3AC-~~29,501/-~~ ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411